रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

शिक्षण सत्र 2022–23 के लिए स्ववित्तीय मद में अतिथि विद्वानो के आमत्रण पत्र हेतु विज्ञापन

क्रमांक /स्था/2022/ 2523 जबलपुर दिनांक 20/01/2023

अकादमिक सत्र 2022–23 के लिए विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान संस्थान में स्ववित्तीय मद के अतिथि विद्वानों को अध्यापन/प्रशिक्षकीय कार्य के लिये आमंत्रण हेतु विभागीय पद के सम्मुख दर्शाइ गई संख्या के अनुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते है। यथा:–

क्र.	विषय/विशेषज्ञता	अतिथि विद्वानों की संख्या	योग्यता
		(स्ववित्तीय मद)	
1	जैव रसायन (Bio Chemistry)	01	एम.एस. सी. जैव रसायन, संबधित विषय में पी.एच.डी या नेट
2	सस्य विज्ञान (Agronomy)	01	एम.एस.सी. सस्य विज्ञान संबधित विषय में पी.एच.डी या नेट
3	कृषि अर्थ शास्त्र(Agricultural, Economics)	01	एम.एस.सी. कृषि अर्थ –शास्त्र संबधित विषय में पी.एच.डी या नेट
4	कीट विज्ञान (Entomology)	01	एम.एस.सी. कीट विज्ञान संबधित विषय में पी.एच.डी या नेट

1. स्ववित्तीय मद के अतिथि विद्वानों के आमंत्रण प्रकिया विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानको के आधार पर किया जायेगा। प्राणीय सूची निर्धारण हेतु आधार " गेजेट आफ इंडिया , असाधारण भाग 3– खण्ड 4 प्रकाशन दिनांक 10 मई 2016 पृष्ठ कमांक 29, एवम पुनः प्रकाशित दिनांक 11 जुलाई 2016 पृष्ठ कमांक 03 में दर्शाये यू.जी.सी. रेगुलेशन 2010 के संशोधित क्लाज" अनुसार होगा। विस्तृत जानकारी यू.जी.सी. की वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
2. विषय संबधित विषय में न्यूनतम अर्हता आई.सी.ए.आर के नियमानुसार होगी।
3. इस प्रकार जी प्रावीण्य सूची तैयार होगी उससे वरीयता के आधार पर वि.वि. अपनी आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए आमंत्रण के लिये स्वतंत्र रहेगा।
4. इच्छुक आवेदक का आवेदन संपूर्ण शैक्षणिक अभिलेख अनुभव तथा आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्वयं अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ विज्ञापन दिनांक से 13/02/2023 के अन्दर अधोहस्ताक्षर कर्ता को स्पीड पोस्ट द्वारा भेज सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनो को चयन प्रकिया में सम्मिलित नही किया जायेगा।
5. विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 22.02.2019 के निर्णयानुसार आमंत्रित अतिथि विद्वानों को प्रतिमाह निश्चित (Fixed) मानदेय रू. 30,000/– (तीस हजार मात्र) प्रदान किया जायेगा। आमंत्रित अतिथि विद्वान की अनुपस्थिति पर प्रतिदिन रू. 1200/– (एक हजार दो सौ रूपये) की दर से वेतन काटा जावेगा।
6. आमंत्रित अतिथि विद्वान वि.वि. के शिक्षण विभागों में यू.जी.सी./म.प्र. शासन की शर्तो का पालन करेंगे एव प्रतिदिन यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित न्यूनतम वर्कलोड के आधार पर शैक्षणिक एवं प्रशिक्षकीय कार्य हेतु बाध्य होगें।
7. अतिथि विद्वान कार्य दिवस के दिन पूर्ण कार्य अवधि तक उपस्थित रहेगे एवं विभागीय कार्यो में सहयोग करेंगे।
8. आमंत्रित अतिथि विद्वान किसी और संस्था में किसी भी प्रकार एवं किसी भी समय नियुक्ति पूर्णककालिक/अल्पकालिक रूप से नही कर सकेगें। अतः इस आशय का शपथ पत्र अभ्यर्थी को प्रस्तुत करना होगा।
9. आमंत्रित अतिथि विद्वान आवश्यकतानुसार/विभागाध्यक्ष के आदेशानुसार वि.वि. के अन्य विभागो मे भी अपनी सेवाऐ देगें।
10. सत्र 2022 –23 के मध्य नियमित नियुक्ति हो जाने पर आमंत्रित अतिथि विद्वान स्वयमेव कार्य मुक्त माने जावेगे।

नोटः– 1. आवेदन पत्र के साथ **अनारक्षित वर्ग के अभ्यार्थियो को** रू. **500/– एवं अजा./अ.ज.जा./पिछड़ा वर्ग अभ्यार्थियों को** रू. **250/– का बैंक ड्रॉफ्ट कुलसचिव, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के नाम से देय, संलग्न करना अनिवार्य है।**

2. उपरोक्त संदर्भ में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय के अधिकारिक वेबसाईट www.rdunijbpin.org पर उपलब्ध है।

कुलसचिव
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर
जबलपुर दिनांक 20/01/2023

क./स्था/2022/ 2523

प्रतिलिपी सूचनार्थः–

1. मा. कुलपति जी/कुलसचिव जी के निज सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर

2 प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को वि.वि. की वेबसाईट पर आपलोड करें । रा.दु.वि.वि. जबलपुर

3. संबंधित नस्ती।

सहा. कुलसचिव (स्था)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर